मूल्य 1 रु.

वर्ष: 10 - अंक : 14, मुंबई, शनिवार, 7 मार्च, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

# बजट में किसान और युवा

## 10वीं पास युवाओं को... रोजगार देगी सरकार

### कर्ज की नियमित किस्त भरने वाले किसानों को 50 हजार का इन्सेंटिव

**मुंबई।** शुक्रवार को पेश अपने पहले बजट में उद्धव सरकार किसानों और युवाओं के लिए कई सौगातें पेश की। किसानों का जहां 2 लाख तक का कर्ज माफ किया गया, वहीं 10 पास 5 लाख युवाओं को कौशल विकास की ट्रेनिंग देकर रोजगार देने की बात भी सरकार की ओर से की गई है। सरकार की इस घोषणा पर किसानों और युवाओं ने खुशी जताई है। सितंबर 2019 तक कर्ज लेने वाले सभी किसानों का 'महात्मा ज्योतिराव फुले कर्ज मुक्ति योजना 2019' के तहत दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ होगा। इसके अलावा जिन किसानों का कर्ज दो लाख से ज्यादा है, उन्हें सरकार दो लाख की सब्सिडी देगी। जिन किसानों ने 2018-19 में कर्ज लिया है और नियमित तौर पर अपनी किस्त भर रहे हैं, उन्हें 50 हजार रुपए का इंसेटिव दिया जाएगा।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

### भावी पीढ़ियों के लिए ग्रीन सेस

पेट्रोल और डीजल पर एक रुपये प्रतु लीटर ग्रीन सेस से सरकार को करीब 1,800 करोड़ रुपये मिलने उम्मीद है। वित मंत्री ने कहा, 'ग्लोबल वॉर्मिंग और क्लाइमेंट चेंज का खतरा बढ़ता जा रहा है। इससे नदियां, तालाब, जंगल और हवा प्रभावित हो रही हैं। कहीं बाढ़, तो कहीं सूखे का खतरा बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण को ग्रीन फंड बनाने लिए डीजल और पेट्रोल पर सेस भावी पीढ़ियों को खुशहाली देगा। आज की पीढ़ी यह खर्च खुशी-खुशी उठाएगी। राज्य के डिप्टी सीएम और वित मंत्री अजित पवार ने कहा, 'यह आम लोगों की सरकार का आम लोगों के लिए बजट है। इसका उद्देश्य सभी वर्गों का विकास है। हम सभी घोषणाएं पूरा करने की कोशिश करेंगे।'



### उद्धव सरकार ने दी 2,500 करोड़ रुपए की टैक्स राहत, वहीं 1,800 करोड़ रुपए वसूलने की व्यवस्था भी बनाई

उद्धव सरकार ने अपने पहले बजट में 2,500 करोड़ रुपए का टैक्स रिलीफ जनता को दिया है। हालांकि पेट्रोल-डीजल पर एक रुपए प्रति लीटर का अतिरिक्त कर लगाकर 1,800 करोड़ रुपए वसूलने की व्यवस्था भी बजट में की है। विधानसभा में शुक्रवार को वित मंत्री अजित पवार ने और विधान परिषद में वित राज्यमंत्री शंभूराजे देसाई ने वर्ष 2020-21 का बजट पेश किया। जिसमें 9,511 करोड़ रुपए का राजस्व घाटा होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। मार्च में समाप्त हो रहे चालू आर्थिक वर्ष 2019-20 में महाराष्ट्र का राजस्व घाटा 31,443 करोड़ रुपए रहने वाला है। राज्य सरकार ने 2020-21 में 3,47,457 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने, 3,56,968 करोड़ रुपए का राजस्व खर्च और 54,618 करोड़ रुपए के राजकोषीय घाटे का अनुमान व्यक्त किया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने औद्योगीकरण इस्तेमाल की बिजली पर मौजूदा शुल्क को 97 .5 फीसदी कर दिया है।




## महाराष्ट्र के किसानों के 13.88 लाख खातों में 9035 करोड़ जमा

### 15 लाख 45 हजार किसानों को सत्यापित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है




**मुंबई।** महात्मा जोतिराव फुले किसान कर्जमुक्ति योजना की दूसरी सूची जारी होने के बाद पिछले पांच दिनों में 15 लाख 45 हजार किसानों को सत्यापित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इनमें से 13 लाख 88 हजार खातों में सरकार ने 9035 करोड़ रुपए जमा करा दिए हैं। राज्य सरकार ने गुरूवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सहकारिता विभाग को निर्देश दिए हैं कि किसानों की शिकायतों को तुरंत हल किया जाए। सहकारिता विभाग की प्रधान सचिव आभा शुक्ला ने बताया कि सभी जिलों में जिला प्रशासन ने लाभान्वित किसानों के नामों की सूची प्रकाशित की है और आधार प्रमाणित करने का काम किया जा रहा है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक
# मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### महाराष्ट्र में घटी प्रति व्यक्ति आय

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आर्थिक सर्वे रिपोर्ट में प्रति व्यक्ति आय के मामले में महाराष्ट्र तीसरे नंबर से सीधे पांचवें नंबर पर चला गया है। साथ ही महाराष्ट्र का खर्च भी बढ़ा है। सरकारी कर्मचारियों के लिए सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू किए जाने से खर्च बढ़ गया है। गुजरात की तुलना में महाराष्ट्र में बेरोजगारी दर डबल है। सोशल मीडिया के मामले में महाराष्ट्र ने लंबी छलांग लगाई है। मोबाइल कनेक्शन की संख्या महाराष्ट्र की आबादी से ज्यादा है। राज्य की आबादी 11 करोड़ 23 लाख है, जबकि मोबाइल कनेक्शन 13.11 करोड़ हैं। इंटरनेट का उपयोग करने वालों की संख्या सितंबर 2019 में ही 8.7 करोड़ पहुंच गई। साथ ही लैंडलाइन, मोबाइल का उपयोग करने वालों की तादाद भी बढ़ी है। 2019 तक लैंडलाइन की संख्या 44.89 लाख है।

प्रति व्यक्ति आय के मामले में महाराष्ट्र हरियाणा, कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु के बाद पांचवें नंबर पर आने लगा है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, 2019-20 में राज्य में प्रति व्यक्ति आय 1,91,736 रुपये से बढ़कर 2,07,727 रुपये पहुंच जाएगी। महाराष्ट्र की प्रति व्यक्ति आय बढ़ोतरी उम्मीद से कम मानी जा रही है। देशभर में प्रति व्यक्ति आय के मामले में पिछले साल महाराष्ट्र तीसरे नंबर पर था। अगर राज्य में प्रति व्यक्ति आय की जिले के अनुसार तुलना की जाए, तो मुंबई में प्रति व्यक्ति आय 3,25,954 रुपये है, जबकि ठाणे जिले की प्रति व्यक्ति आय 2,75,538 रुपये और तीसरे नंबर पर पुणे है, जहां की प्रति व्यक्ति आय 2,57,483 रुपये है। वहीं, सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाला आदिवासी जिला नंदुरबार है, जहां की प्रति व्यक्ति आय 85,509 रुपये है। वासिम, गढचिरोली, हिंगोली, बीड, बुलढाना ऐसे जिले हैं, जिनकी सालाना प्रति व्यक्ति आय एक लाख रुपये से भी कम है। महाराष्ट्र के इन जिलों की स्थिति सुधर नहीं रही है।

महाराष्ट्र में बेरोजगारी दर तेजी से बढ़ी है। राज्य की बेरोजगारी दर 8.3 फीसद हो गई है, जबकि गुजरात में यह दर 4.1 फीसदी, कर्नाटक में 4.3 फीसद और पश्चिम बंगाल में बेरोजगारी दर 7.4 फीसद है। आर्थिक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल की तुलना में इस साल राज्य में डेढ़ लाख रोजगार घटे हैं। 2018-19 के दौरान राज्य में 73 लाख 50 हजार रोजगार थे, जो 2019-20 में घटकर 72 लाख 3 हजार रह गए। विदेशी निवेश के मामले में महाराष्ट्र देश में दूसरे नंबर पर है। 2019-20 के दौरान विदेशी निवेश 25,316 करोड़ अपेक्षित है, जबकि 2018-19 में यह आंकड़ा 80,013 करोड़ रुपये का था। देश में हुए कुल विदेशी निवेश का 26 फीसद हिस्सा महाराष्ट्र का है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में महाराष्ट्र कर्नाटक के बाद दूसरे नंबर पर है।

### नीरव मोदी की पेंटिंग्स नीलाम करेगा ईडी, 12-18 करोड़ कीमत

**मुंबई।** पंजाब नैशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी की पेंटिंग्स नीलाम करने से जुड़े प्रवर्तन निदेशालय के फैसले के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट ने उनके बेटे को फिलहाल राहत नहीं दी है। रोहिन ने नीलामी पर रोक की मांग की थी। कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया कि नीलामी को अलग से अकाउंट में किया जाए और उसे किसी और काम के लिए इस्तेमाल न किया जाए। बता दें कि इन पेंटिंग्स की कीमत 12-18 करोड़ रुपये है।

चीफ जस्टिस बीपी धर्माधिकारी और जस्टिस एन बोरकर ने कहा, 'हमें लगता है कि याचिका में ऐसा कुछ नहीं है जिससे ऐन मौके पर कोर्ट आने का फैसला सही साबित हो।' नीरव के बेटे रोहिन ने हाई कोर्ट में 2018 में ट्रिपलेक्स पेंटहाउस, समुद्र महल के अटैचमेंट और सितंबर 2019 में स्पेशल पीएमएलए कोर्ट के नीलामी के फैसले को 'अवैध, मनमाना और हद से ज्यादा' बताया।

नीरव की पेंटिंग्स के कलेक्शन में एमएफ हुसैन, मंजात बावा की खास कलाकृतियां हैं। रोहिन ने पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दी थी लेकिन कोर्ट ने सुनने से इनकार कर दिया। इसके बाद वह हाई कोर्ट पहुंचे।

# यस बैंक लिमिट: एटीएम के बाहर आज सुबह से लगी रहीं कस्टमर्स की कतारें, खत्म हो रहा कैश

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने यस बैंक से पैसे निकालने की लिमिट तय कर दी। इसके बाद गुरुवार रात से ही अकाउंट होल्डर्स एटीएम के सामने लाइनें लगाने पहुंच गए। हालात यह हो गए कि एटीएम में कैश खत्म होने लगा और शुक्रवार सुबह भी लोग एटीएम के बाहर खड़े मिले। बता दें कि यस बैंक के ग्राहकों की मुसीबत इसलिए भी बढ़ गई हैं क्योंकि उन्हें इंटरनेट बैंकिंग सिस्टम के जरिये ट्रांजेक्शन करने में भी असुविधा झेलनी पड़ी।

मुंबई में यस बैंक के फोर्ट और परेल ब्रांच एटीएम पर शुक्रवार सुबह लोगों की लंबी लाइनें देखने को मिलीं। यही हाल दूसरी जगहों पर भी रहा। होली से ठीक पहले इस तरह की लिमिट के कारण




लोग बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि बिना किसी जानकारी के लिमिट लगाए जाने से अचानक एटीएम के बाहर भीड़ हो गई है और कैश खत्म होने लगा है।

इस बारे में जानकारी मिलने के साथ ही लोग एटीएम पर पहुंचे तो गुरुवार रात को दक्षिण मुंबई के होरनिमान सर्कल में एटीएम के शटर गिरे हुए थे। उपनगरीय चेम्बुर के रिहायशी इलाके में एक एटीएम से कैश निकल रहा था लेकिन वहां लंबी कतार लगी हुई थी।

फाइनैंस मिनिस्ट्री के सूत्रों ने बताया कि एसबीआई, यस बैंक को बेल आउट करने को तैयार है। उसके बाद आरबीआई और सरकार की तरफ से यस बैंक को लेकर यह फैसला तब आया। अब यस बैंक का नेतृत्व अगले महीने आरबीआई द्वारा नियुक्त प्रशांत कुमार करेंगे, जो कि एसबीआई के पूर्व चीफ फाइनैंस ऑफिसर रहे हैं।

# एंपायर इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर पर मदद के बदले सेक्स की मांग का आरोप

**मुंबई।** एंपायर इंडस्ट्रीज के एक असिस्टेंट जनरल मैनेजर ने अपने रिपोर्टिंग मैनेजर के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाया है। आरोपी मैनेजर चंद्रशेखर प्रधान कंपनी के डायरेक्टर ऑफ कमर्शल प्रॉपर्टी हैं। महिला प्रधान के साथ 2018 से काम कर रही है। कंपनी की ओर से बताया गया है कि फिलहाल प्रधान के डिविजन को बदल दिया गया है और शिकायत के लिए महिला के आवेदन की प्रक्रिया होने पर जांच की जाएगी।

महिला ने अपनी शिकायत में बताया है, 'प्रधान को जब पता चला कि मेरी बेटी का एडमिशन कॉलेज में होना है तो उन्होंने पूछा कि अगर उन्होंने एडमिशन करा दिया तो मैं उन्हें क्या दूंगी। मैंने उनसे कहा कि वह जो फीस बताएंगे मैं दूंगी और हमेशा आभारी रहूंगी।' पीड़िता ने आगे कहा कि 22 जुलाई, 2019 को प्रधान ने उन्हें याद दिलाया कि अभी तक फीस नहीं दी है। इस पर पीड़िता ने उनसे फीस पूछी तो प्रधान ने कहा, 'तुम्हारे जैसी खूबसूरत महिला से मैं और क्या मांग सकता हूं? मुझे वह हर चीज चाहिए जो एक सुंदर महिला दे सकती है।' जब मैंने उनसे जानना चाहा कि वह क्या कहना चाहते हैं तो उन्होंने सेक्स की मांग की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इनकार करने पर प्रधान ने भयानक नतीजे भुगतने की धमकी दी। इसके बाद भी अश्लील हरकतें बंद नहीं कीं और कभी मेसेज किए तो कभी वल्गर विडियो भेजे। आखिरकार 25 फरवरी को पीड़िता ने मेघवाड़ी पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आईपीसी की धाराओं



के तहत प्रधान को गिरफ्तार किया लेकिन उसी दिन जमानत लेकर वह रिहा हो गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पहले उसने 13 जनवरी को कंपनी के मैनेजमेंट को प्रधान के बारे में शिकायत की और इंटरनल कमिटी से जांच कराने की मांग की। हमारे सहयोगी अखबार मुंबई मिरर ने जब कंपनी के लीगल हेड से बात की तो उन्होंने कहा कि महिला को दूसरे डिविजन में ट्रांसफर या पेड लीव की पेशकश की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल प्रधान का इंक्रिमेंट रोक दिया गया है और वह दूसरी डिविजन देख रहे हैं। महिला अब प्रधान को रिपोर्ट नहीं कर रही है। उन्होंने बताया कि शिकायत पर जांच के आवेदन के लिए पीड़िता को शिकायत की 6 कॉपी देनी होंगी जो पीड़िता ने गुरुवार को जमा की हैं।

## महाराष्ट्र सचिवालय में महिला कर्मचारियों का फूलों से स्वागत





**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले शुक्रवार को महाराष्ट्र सचिवालय में आईं सभी महिला कर्मचारियों को फूल और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का पत्र देकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के कर्मचारियों ने महिला कर्मचारियों का स्वागत किया। आठ मार्च (अंतराष्ट्रीय महिला दिवस) की तारीख वाले पत्र में ठाकरे ने महाराष्ट्र के विकास में महिलाओं के बहुमूल्य योगदान की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री के पत्र छह मार्च को इसलिये दिये गए क्योंकि आठ मार्च को सरकारी कर्मचारियों का साप्ताहिक अवकाश है।

# कोरोना इफेक्ट: मुंबई में 400 वॉचलिस्ट में

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में कोरोना वायरस के कारण 400 लोग वॉच लिस्ट में हैं। बीएमसी के अडिशनल कमिश्नर सुरेश काकानी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर चीन, हॉन्गकांग, थाईलैंड, जापान, कोरिया, वियतनाम, नेपाल, इंडोनेशिया, मलयेशिया, ईरान और इटली से आए भारतीयों की लिस्ट मंगाई गई है। जो बाद में ट्रेन या अन्य साधनों से मुंबई आए हैं।

काकानी ने बताया कि मुंबई में ऐसे 400 लोगों पर हम नजर रख रहे हैं। उनके घर स्वास्थ्यकर्मी भेजे गए थे। उन्होंने बताया कि इन सभी का एयरपोर्ट पर




ब्लस्ट टेस्ट किया गया था। इसलिए बीएमसी इन पर नजर रख रही है। सभी लोगों को कहा गया है कि यदि कोई परेशानी हो तो वे सीधा कस्तूरबा हॉस्पिटल आकर जांच कराएं।

काकानी ने बताया कि देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के चपेट में कई लोग आए हैं। खासकर दिल्ली में इसके कई मामले सामने आए हैं। दिल्ली से बड़े पैमाने पर लोग ट्रेन के जरिए मुंबई आते हैं। स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव ने कहा कि रेलवे स्टेशनों पर भी इस बीमारी के जांच की व्यवस्था होनी चाहिए। जबकि सुरेश काकानी ने कहा कि अभी ऐसी स्थिति नहीं पैदा हुई है कि रेलवे स्टेशनों पर जांच शुरू की जाए।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक- **दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# टाटा सन्स का 200 करोड का अकाउंट हैक करने की कोशिश, चंद मिनट पहले पुलिस ने 7 को धरा

## आरोपियों में एक इंडसइंड बैंक का कर्मचारी भी है पुलिस के अनुसार ये 150 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने वाले थे

**मुंबई।** टाटा सन्स के बैंक अकाउंट को हैक करने से कुछ मिनट पहले ही 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनमें से एक इंडसइंड बैंक का कर्मचारी भी है। इन सभी लोगों को मंगलवार को नालासोपारा में गिरफ्तार किया गया। जिस अकाउंट को हैक करने की कोशिश की जा रही थी उसमें 200 करोड़ रुपये थे। इन्हें पुलिस ने नालासोपारा के एक मॉल के पार्किंग लॉट में शाम 5: 30 बजे गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 9 मोबाइल, एक टैबलेट और टाटा सन्स का अकाउंट स्टेटमेंट मिला।



आरोपियों की पहचान तसलीम अंसारी, अनंत घोष, नसीम सिद्दीकी, गुंजीव बरय्या, सरोज चौधरी, सतीश गुप्ता और आनंद नलावडे के रूप में हुई है। तसलीम इंडसइंड बैंक में अकाउंट एग्जिक्यूटिव है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये लोग तीन ट्रांजैक्शन में 150 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने वाले थे। ये पैसा नगालैंड के एक अकाउंट में जाने वाला था।

ये लोग कई दिन से इस प्लान को लेकर ऑनलाइन चर्चा कर रहे थे। अंसारी के पास अंदर की जानकारियां थीं और उसे पता था कि इंडसइंड की चेंबूर ब्रांच वाले अकाउंट में काफी वक्त से कोई ट्रांजैक्शन नहीं हुआ है। इसलिए किसी को पता नहीं चलेगा। पुलिस को शक है कि नसीम पूरे प्लान का मास्टरमाइंड है और नगालैंड में उसका संपर्क था। वहां बैठे व्यक्ति को उसने 20% कमिशन का वादा भी किया था। असिस्टेंट इंस्पेक्टर सिद्धवा जयभये ने कहा कि सातों के खिलाफ धारा 420 (धोखाधड़ी) और 511 (ऐसे अपराध जिनमें जेल की सजा का प्रावधान होता है), इनके तहत केस दर्ज किया गया है।

# बीजेपी के 14-15 विधायक हमारे संपर्क में: जयंत पाटिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री जयंत पाटिल ने दावा किया कि राज्य से बीजेपी के 14-15 विधायक महाराष्ट्र विकास अघाडी के संपर्क में हैं लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन विपक्षी नेताओं के शिकार की गलती नहीं करना चाहते हैं। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश की कमलनाथ सरकार को गिराने के लिए बीजेपी पर ऑपरेशन लोटस चलाने का आरोप लगाया है जिसके बाद पाटिल ने यह टिप्पणी की है।

महाराष्ट्र एनसीपी प्रमुख पाटिल ने भी बीजेपी पर सत्ता के लिए उतावला होने का आरोप लगाया। पाटिल ने बुधवार को यहां राज्य विधानमंडल परिसर के बाहर पत्रकारों से कहा, 'विपक्षी पार्टी



के 14-15 विधायक हमारे संपर्क में हैं। यहां तक कि आज भी संपर्क में हैं। हमें उनके काम करने होंगे क्योंकि हमारे उनसे अच्छे सबंध हैं। हम उनकी मानसिकता समझते हैं।'

उन्होंने कहा, 'फिर भी, यह सही नहीं है कि हम उनका शिकार करें... हमारी इच्छा गलती करने की नहीं हैं। हमारी तवज्जो इस बात पर है कि सरकार चले।' गौरतलब है कि पिछले साल अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद को लेकर बीजेपी से संबंध तोड़ लिये थे, जिस वजह से महाराष्ट्र में बीजेपी सरकार नहीं बना सकी थी।

# राज्य को उड़ता महाराष्ट्र नहीं बनने देंगे: देशमुख ने मादक पदार्थों के बारे में कहा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बृहस्पतिवार को मादक पदार्थो के संबंध में कहा कि वह राज्य को उड़ता महाराष्ट्र नहीं बनने देंगे। वह पंजाब में मादक पदार्थ के नशे को लेकर बनी फिल्म उड़ता पंजाब का हवाला दे रहे थे। वह महाराष्ट्र विधान परिषद में कांग्रेस नेता अनंत गाडगिल द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। चर्चा के दौरान इससे पहले भाजपा पार्षद सुरेश दास ने कहा कि अगर मादक पदार्थ से होने वाली समस्याओं से निपटा नहीं गया तो महाराष्ट्र उड़ता पंजाब बन जाएगा। इस पर देशमुख ने कहा, हम मादक पदार्थों की आपूर्ति को रोकने के लिए कई कदम उठा रहे हैं और राज्य को उड़ता पंजाब नहीं बनने देंगे। देशमुख ने कहा कि मादक पदार्थ तस्करों ने तस्करी के नए रास्ते अपनाने शुरू कर दिए हैं और अब निमंत्रण पत्रों और चूड़ियों के जरिए इसकी तस्करी की जा रही है।

# प्लास्टिक के खिलाफ बीएमसी ने एक दिन में वसूला 6.6 लाख जुमार्ना

**मुंबई।** महानगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए बीएमसी ने कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को बीएमसी के प्लास्टिक विरोधी टीम ने मुंबई में विभिन्न स्थानों पर 5609 दुकानों और फेरीवालों पर छापे की कार्रवाई की। इनसे 409 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैली जब्त की गई। इनसे दंड के रूप में 6.6 लाख रुपये वसूले गए।

बीएमसी के अनुसार, मंगलवार को शॉप एंड इस्टेबलिशमेंट डिपार्टमेंट ने 1674 दुकानों की जांच की, जहां से 287 किलो से अधिक प्लास्टिक जब्त की गई। टीम ने इन दुकानदारों से 1.65 लाख रुपया जुमार्ना वसूला। इसी तरह लाइसेंस डिपार्टमेंट ने महानगर में 2655 जगह कार्रवाई की, वहां से 120 किलो प्लास्टिक पकड़ा और उन दुकानदारों से 4.95 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला।

# 2,000 करोड़ के काम में घोटाला

**मुंबई।** सार्वजनिक उपक्रमों पर कैग की रिपोर्ट में सिडको के तहत भाजपा शासन के दौरान हुए 2,000 करोड़ रुपये के विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितता होने की बात सामने आई है। बुधवार को उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कैग की दो रिपोर्ट्स विधानसभा में पेश कीं। एक रिपोर्ट राजस्व से संबंधित है और दूसरी सार्वजनिक उपक्रमों से संबंधित है।

ये विकास कार्य नवी मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट और नेरुल-उरण रेलवे परियोजना से जुड़े हैं। कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ये दोनों परियोजनाएं 50 करोड़ रुपये से ज्यादा लागत की हैं। इसके बावजूद इन दोनों परियोजनाओं के टेंडर राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित ही नहीं किए गए। इतना ही नहीं, 890 करोड़ रुपये के काम अनुभवहीन ठेकेदार कंपनियों को दिए गए। कैग ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि करीब 430 करोड़ रुपये लागत वाले 10 विकास कार्यों में कई दिशानिर्देशों का उल्लघंन किया गया है।

कैग रिपोर्ट के मुताबिक, नवी मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट और नेरुल-उरण रेलवे परियोजना से जुड़े 70 करोड़ रुपये के काम बिना टेंडर मंगाए ही दे दिए गए। दोनों परियोजनाओं के तकनीकी मूल्यांकन में भी काफी गड़बड़ियां पाई गई हैं।

कैग रिपोर्ट के मुताबिक, नवी मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट के पैकेज 3 और पैकेज 4 के लिए सिर्फ दो ही कंपनियों ने टेंडर भरे और दोनों को एक-एक पैकेज का काम दे दिया गया। कैग ने कहा कि इस टेंडर प्रक्रिया में प्रतिस्पर्धा के नियम का पालन नहीं किया गया। कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने कहा कि कैग की रिपोर्ट ने भाजपा के पारदर्शी और भ्रष्टाचारमुक्त शासन की पोल खोल दी है।

# नीरव मोदी के कलेक्शन में एमएफ हुसैन ने बनाया रेकॉर्ड

**मुंबई।** हीरा व्यापारी नीरव मोदी के नाम देश का एक बड़ा घोटाला तो पहले ही दर्ज है, अब उसके नाम एक और रेकॉर्ड लिख गया है। दरअसल, नीरव मोदी के आर्ट कलेक्शन की गुरुवार को की गई नीलामी में एमएफ हुसैन की एक पेंटिंग 13.4 करोड़ रुपये की रेकॉर्ड कीमत पर खरीदी गई जो हुसैन की सबसे महंगी नीलाम होने वाली पेंटिंग बन गई। नीलामी में नीरव के हरमीस हैंडबैग, रोल्स रॉयस और हीरा जड़ी घड़ियां बेची गईं। हुसैन की पेंटिंग 'बैटल ऑफ गंगा ऐंड जमुना: महाभारत 12' लाइव ऑक्शन में सेंटरपीस थी। यह नीलामी सैफरनआर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय के लिए गुरुवार को की थी। हुसैन के अलावा अमृता शेरगिल की पेंटिंग 15.6 करोड़ रुपये की बेची गई। इस नीलामी को सैफरनआर्ट ने 'वाइट ग्लव सेल' बताया जिसका मतलब होता है कि नीलामी में शामिल सभी आइटम बिक गए। इस लाइव ऑक्शन में सिर्फ सभी आइटम बिके ही नहीं बल्कि कुल 53.45 करोड़ रुपये भी जुटा लिए गए जो ईडी की ओर से पहले से अनुमानित कीमत 41 करोड़ से भी ज्यादा रहा। नीरव मोदी का लाइफस्टाइल नीलामी में शामिल सामान को देखकर साफ पता चल रहा था।

# शिल्पा शेट्टी, पति राज कुंद्रा के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज

**मुंबई।** बॉलिवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ गुरुवार को धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज हुई है। उन पर गोल्ड स्कीम में एक निवेशक से धोखाधड़ी करने का आरोप है। एनआरआई सचिन जोशी ने खार पुलिस से हाल ही में संपर्क किया था और शिकायत की थी कि उनके साथ सतयुग गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड ने धोखाधड़ी की है।




यह कंपनी पहले शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और राजकुंद्रा चलाते थे। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने मार्च 2014 में 18.58 लाख रुपये में एक किलोग्राम सोना इस कंपनी की गोल्ड स्कीम के तहत खरीदा था। पांच साल के प्लान के तहत उन्हें एक गोल्ड कार्ड दिया गया और उसमें इस अवधि के बाद उन्हें निश्चित मात्रा में सोने को भुनाने का वादा भी किया गया था लेकिन 25 मार्च, 2019 को अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें पता चला कि कंपनी का बांद्रा कुर्ला कार्यालय बंद है। इस कंपनी से शिल्पा ने 2016 में और राज ने 2017 में इस्तीफा दे दिया था।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# नीरव मोदी के 40 जब्त सामानों की 51.41 करोड़ में नीलामी हुई

## 13.4 करोड़ में बिकी हुसैन की पेंटिंग

**मुंबई।** पीएनबी घोटाले के आरोपी और हीरा कारोबारी नीरव मोदी के घर से जब्त किए गए बेशकीमती सामानों की गुरुवार को मुंबई में नीलामी हुई। इन सामानों को ईडी ने जब्त किया था। इसके बाद ईडी ने सैफरनआर्ट को इन नीलामी की जिम्मेदारी दी थी। इनमें नीरव के घर से जब्त की गई एमएफ हुसैन की एक पेंटिंग 13.4 करोड़ रुपए की कीमत पर बिकी। यह एक रिकॉर्ड है। यह एमएफ हुसैन की सबसे महंगी नीलाम होने वाली पेंटिंग बन गई है। इस नीलामी में पुराने और आधुनिक भारतीय कलाकारों की कीमती कृतियां, कई डिजाइनर हैंडबैग, लग्जरी घड़ियां और कारें शामिल की गई थीं। तीन और चार मार्च को हुई नीलामी में 52 लाख रुपए के सामान की बिक्री का अनुमान था, जबकि इसके बदले 2.04 करोड़ रुपए जुटाए गए। वहीं, बृहस्पतिवार को 40 वस्तुओं की लाइव नीलामी से 51.41 करोड़ रुपए की रकम जुटाई गई। हुसैन की पेंटिंग 'बैटल ऑफ गंगा एंड जमुना महाभारत 12' लाइव ऑक्शन में सेंटर पीस थी। इस पेंटिंग को 13.4 करोड़ रुपए में खरीदा गया, जो हुसैन की किसी भी पेंटिंग का अब तक का सबसे बड़ी कीमत है।



इसकी अनुमानित कीमत 12 से 18 करोड़ के बीच रखी गई थी। नीलामी में अमृता शेरगिल की पेंटिंग 'बॉयज विद लेमंस' को भी बेचा गया। इसे रिकॉर्ड 15.7 करोड़ रुपए में खरीदा गया। इसकी अनुमानित कीमत 12 से 18 करोड़ के बीच रखी गई थी। शेरगिल की यह पेंटिंग 1935 की थी। इस नीलामी को सैफरनआर्ट ने 'वाइट ग्लव सेल' बताया जिसका मतलब होता है कि नीलामी में शामिल सभी आइटम बिक गए। वीएस गायतोंडे की 1972 की एक पेटिंग 'ट्रेंक्विल' को 9.52 करोड़ रुपए और मनजीत बावा की 1992 की अनाम पेंटिंग को 6.16 करोड़ रुपए में नीलामी में खरीदा गया। इन दोनों पेंटिंग की अनुमानित कीमत 7 से 9 करोड़ के बीच थी। नीरव मोदी के लग्जरी कारों में से रॉल्स रॉयस घोस्ट को उसकी अनुमानित दाम 95 लाख रुपए से करीब दोगुने यानी 1.68 करोड़ रुपये का खरीदार मिला। नीरव की पत्नी का हेर्मिस बिर्किन बैग 11 लाख 20 हजार में बिका है। इसकी अनुमानित कीमत दो से पांच लाख रुपए रखी गई थी। यानी यह अपनी अनुमानित कीमत से दोगुने में बिका है। वहीं, नीरव की एक घड़ी गिरार्ड-पेरेर्गाक्स 'ओपेरा वन' ट्रिपल ब्रिज, टूरबिलोन रिस्टवॉच थी जो 95 लाख रुपए में बेची गई। इसे अनुमान से 30 गुना अधिक कीमत पर बेचा गया। 18 कैरेट का येलो गोल्ड और डायमंड से बना इवनिंग बैग 20.2 लाख रुपए में बिका है। इसकी अनुमानित कीमत पांच से सात लाख के बीच थी।

**अनुमान से ज्यादा हुई कमाई:** इस लाइव ऑक्शन में सिर्फ सभी आइटम बिके ही नहीं बल्कि कुल 53.45 करोड़ रुपए भी जुटा लिए गए जो ईडी की ओर से पहले से अनुमानित कीमत 41 करोड़ से भी ज्यादा है। नीरव मोदी का लाइफस्टाइल नीलामी में शामिल सामान को देखकर साफ पता चल रहा था। सैफरनआर्ट के सीईओ दिनेश वजिरानी ने बताया, घड़ियों, हैंडबैग्स और गाड़ियों पर लगीं बोलियां उनकी कई गुना ज्यादा कीमत पर खरीदी गईं जिससे लग्जरी आइटम्स की मार्केट में अहमियत का पता चलता है।

## औरंगाबाद एयरपोर्ट का नाम बदलकर छत्रपति संभाजी महाराज एयरपोर्ट हुआ

**संवाददाता**

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र की उद्धव सरकार ने औरंगाबाद एयरपोर्ट का नाम बदल दिया है। अब यह छत्रपति संभाजी महाराज एयरपोर्ट के नाम से जाना जाएगा। गुरुवार को इसकी घोषणा की गई। बता दें कि हाल ही में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने औरंगाबाद का नाम बदलने की मांग उठाई थी, जिसको लेकर महाराष्ट्र विधानसभा में काफी विवाद हुआ था। सरकार जल्द ही औरंगाबाद का नाम बदलकर 'संभाजीनगर' करने वाली है। शिवसेना बाला साहब ठाकरे के समय से ही इसे संभाजीनगर कहती रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने शहर का नाम बदलने की अपनी पार्टी की मांग को पिछले हफ्ते दोहराया था। कार्यवाहक कलेक्टर भानूदास पालवे ने कहा कि राज्य सरकार ने औरंगाबाद का नाम बदलने के लिए जिला प्रशासन से रेलवे और डाक विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने को कहा था। पालवे ने कहा- मंडलीय आयुक्त के कार्यालय ने एनओसी लेने को कहा है। जैसे ही हमें दस्तावेज मिलते हैं, हम उन्हें उच्च अधिकारियों को भेज देंगे।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### बजट में किसान और युवा

किसानों की कर्जमाफी के लिए सरकार ने कुल 22 हजार करोड़ का प्रावधान रखा है, जिसमें से 15 हजार करोड़ साल 2019-20 में और 7 हजार साल 2020-21 के लिए है। सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को में 2 लाख के प्रस्ताव को बढ़ाने का आग्रह किया है। किसानों के लिए 10 हजार करोड़ के इरीगेशन प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से शुरू करने की बात कही है। किसानों के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री जल सरंक्षण योजना के क्रियान्वयन के लिए 450 करोड़ देने का ऐलान किया गया है। सरकार ने किसानों के लिए नए बीज देने की योजना जल्द शुरू करने का ऐलान भी बजट में किया है। किसानों के सोलर पंप लगाने के लिए सरकार ने 10 हजार करोड़ के बजट का प्रावधान रखा है। इसमें पांच साल में पांच लाख सोलर पंप लगाने की बात कही गई है। इसके तहत गांवों में बिजली की सप्लाई भी की जाएगी। राज्य के 1500 प्राथमिक विद्यालयों को आदर्श विद्यालय बनाने के लिए 500 करोड़ की आर्थिक मदद देने का ऐलान सरकार की ओर से किया गया है। रायत शिक्षण संस्थान महोत्सव के लिए सरकार ने 11 करोड़ देने का ऐलान किया है। राज्य में स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए तहसील स्तर पर दी जाने वाली सहायता राशि 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़, जिला स्तर पर यह राशि 5 करोड़ से बढ़ाकर 25 करोड़ और विभाग स्तर पर इसे 24 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़ करने का ऐलान किया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज बालेवाड़ी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा विद्यापीठ की स्थापना की जाएगी। राज्य के शिक्षा विभाग के लिए 2500 करोड रुपए और उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए 13 सौ करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में रखा गया है। दसवीं पास युवाओं को रोजगार देने के लिए 'महाराष्ट्र सिकाऊ उम्मीदवारी योजना' अगले पांच साल में क्रियान्वित की जाएगी। इसमें पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें 21 से 28 साल के सुशिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को कौशल विकास की ट्रेनिंग दी जाएगी, उसके आधार पर उन्हें रोजगार दिया जाएगा। इसके लिए कुल 6000 करोड़ रुपये का बजट रखा गया। स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार जल्द ही नया कानून लेकर आएगी।

### महाराष्ट्र के किसानों के 13.88 लाख...

राज्य के सभी जिलों में यह काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। हर जिले में स्थित 'आपले सरकार सेवा केंद्रों' और बैंकों की शाखाओं में आने वाले किसानों का सत्यापान दो से तीन मिनट में हो रहा है, इससे किसान भी खुश और उत्साहित हैं। सत्यापित करने के बाद किसानों के कर्ज खाते की रकम मान्य हो अथवा अमान्य उन्हें कंप्यूटर से निकली रसीद दी जाती है। सत्यापित करने के दौरान जिन किसानों के आधार कार्ड और कर्जखातों में दिखाई गई रकम अमान्य की गई है उस पर जिलास्तरीय समिति के जरिए तुरंत कार्रवाई की जा रही है। प्रमाणीकरण के बाद लाभार्थी किसानों के बैंकों में स्थित खातों में 24 घंटे में जबकि जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों में स्थित खातों में 48 घंटों में कर्ज की रकम जमा की जा रही है।

CMYK CMYK











# भारत से भूटान के लिए चलेगी ट्रेन



**भारतीयों** के लिए अब भूटान जाना और आसान हो सकता है। पड़ोसी देश भूटान से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे बोर्ड ने मुजनई-न्योनपेलिंग रेल लिंक बनाने को लेकर सर्वे पूरा कर लिया है। सर्वे के बाद अगर रेलवे लाइन को हरी झंडी मिल जाती है तो जल्द ही भारत से भूटान का सफर ट्रेन से किया जा सकेगा। खबर के मुताबिक, रेल मंत्री पीयूष गोयल हाल ही में भूटान-भारत स्टार्ट अप समिट 2020 के सिलसिले में भूटान पहुंचे थे। भारतीय रेलवे की एक टीम भी भूटान का दौरा करेगी और वहां के खदान विभाग के साथ गिट्टी के निर्यात को लेकर एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) को अंतिम रूप देने पर चर्चा करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों ने पांडू, जोगीगोपा और अगरतला पर नए ट्रांजिट कस्टम रेलवे को लेकर अधिसूचना जारी करने पर भी चर्चा की। भारत-भूटान के अलावा, उत्तर-पूर्वी भारतीय राज्यों को रेलवे रूट के जरिए बांग्लादेश से भी जोड़ा जाएगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने हाल ही में ऐलान किया था कि बांग्लादेश और उत्तर-पूर्वी भारत के बीच 2021 के अंत तक रेलवे लाइन बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने बताया था कि त्रिपुरा के अगरतला से बांग्लादेश के आखुरा के बीच रेल लाइन का निर्माण होने के बाद 2022 में पहली ट्रेन चलाई जाएगी।

## फिलहाल भूटान जाने की क्या है व्यवस्था?

भारत से भूटान तक आप फ्लाइट और रोड दोनों रास्तों से जा सकते हैं। अगर आप फ्लाइट से भूटान जाना चाहते हैं तो भूटान एयरलाइंस से जाएं। ये आपको भूटान के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पारो तक पहुंचाएगा। अगर आप रोड ट्रिप करना चाहते हैं तो आपको भारत-भूटान सीमा पर स्थित भूटानी शहर फुनशेलिंग से टूरिस्ट परमिट लेना होगा। इसके लिए आपके पास पासपोर्ट या मतदाता पहचान पत्र और 2 पासपोर्ट साइज फोटो होने चाहिए।

# गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़ी कांग्रेस, दिल्ली हिंसा पर चर्चा कराने पर अड़ा विपक्ष, दोनों सदन में हंगामा



**संवाददाता**

**दिल्ली** हिंसा पर चर्चा की मांग को लेकर संसद के दोनों सदनों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन विपक्ष ने भारी हंगामा किया। शोर-शराबे की वजह से दोनों सदनों में कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। लोकसभा की कार्यवाही दिन में शुरू होने पर कांग्रेस, टीएमसी, सपा, बसपा, डीएमके और वामपंथी सहित अन्य दलों के नेताओं ने दिल्ली हिंसा पर चर्चा कराने की मांग की। विपक्षी सांसदों ने मोदी सरकार शर्म करो, प्रधानमंत्री जवाब दो के नारे लगाए। कांग्रेस सांसद वेल में आकर गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करने लगे। हंगामा कर रहे सांसदों से संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि होली के बाद 11 मार्च को लोकसभा और 12 मार्च को राज्यसभा में हिंसा पर चर्चा कराई जा सकती है। इससे विपक्षी सांसद सहमत नहीं हुए। लोकसभा में हंगामे के बीच ही डायरेक्ट टैक्स विवाद से विश्वास बिल को सरकार ने पास कराया। ऐसा ही दृश्य राज्यसभा में देखने को मिला। कांग्रेस के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सरकार दिल्ली हिंसा पर सदन में जब तक चर्चा नहीं कराएगी, तब तक सदन की कार्यवाही को नहीं चलने देंगे। कांग्रेस प्रवक्ता सैयद नसीर हुसैन ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर कराई गई हिंसा के लिए जवाबदेही तय करने को तैयार नहीं है। न तो प्रधानमंत्री और न ही गृह मंत्री जवाब दे रहे हैं।

# कोरोना का खौफ

## सरकार ने बनाई स्टेट टास्क फोर्स, सेकेंडरी स्कूलों में बीमार होने पर न आने की सलाह, मेट्रो ने भी कसी कमर

### तीनों एमसीडी ने जारी की एडवाइजरी, दिल्ली सरकार भी अलर्ट मोड में



**कोरोना वायरस** का संक्रमण रोकने के लिए केंद्र के साथ दिल्ली सरकार भी हरकत में आ गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। नगर निगम, पुलिस व सभी संबंधित विभागों के अधिकारी फोर्स के सदस्य होंगे। वहीं तीनों एमसीडी ने एहतियात के तौर पर स्कूलों में होने वाली प्रार्थना सभा रद्द करने का फैसला किया है। कर्मचारियों के बायोमैट्रिक अटेंडेंस लगाने पर भी फिलहाल रोक लगा दी है। एमसीडी ने इसके लिए बकायदा एडवाइजरी जारी की है। विभाग प्रमुखों को मैनुअल अटेंडेंस लगाए जाने का प्रबंध करने को कहा गया है। एडवाजरी में यह भी कहा गया है कि सभी स्कूलों में एक नोडल टीचर नियुक्त करें। जागरूकता के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, डिबेट, लेक्चर आदि का आयोजन किया जाए। ईस्ट एमसीडी ने स्वामी दयानंद और वीर सावरकर अस्पताल में एक-एक आइसोलेशन वार्ड बनाने का भी फैसला किया है। इसके अलावा बुखार के मरीजों के लिए खास ओपीडी अस्पतालों में चलाने की एडवाइजरी जारी की गई है। इस तरह की एडवाइजरी तीनों एमसीडी ने जारी की है। नॉर्थ एमसीडी ने कस्तूरबा और हिंदूराव अस्पताल में कोरोना के लिए विशेष वार्ड बनाया हुआ है। अब महर्षि वाल्मीकि संक्रामक रोग अस्पताल, राजनबाबू टीबी अस्पताल और बालकराम अस्पताल में भी विशेष वार्ड बनाया जाएगा। नॉर्थ एमसीडी ने सभी सरकारी इमारतों से लेकर स्कूलों में कोरोना को लेकर जागरुकता के विशेष स्टीकर तैयार कराए हैं। पांच लाख स्टीकरों की मदद से लोगों को बीमारी के लक्षण और बचाव की जानकारी दी जाएगी। जामिया मिलिया की वीसी प्रो. नजमा अख्तर ने छात्रों के परिजनों को संदेश भेजा है।

**कोरोना से डरें नहीं:** कोरोना वायरस के संक्रमण ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों में खौफ पैदा कर दिया है। लेकिन इससे डरने की नहीं बल्कि अलर्ट रहने और बचाव की जरूरत है। छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखकर इस बीमारी को मात दी जा सकती है। मौसम में गर्मी बढ़ने पर भी इससे राहत मिल जाएगी।

**जानिए क्या है कोरोना वायरस:** दरअसल यह इस वायरस का ही नाम है। कोरोना वायरस से इस रोग की शुरूआत चीन के वुहान शहर में सबसे पहले हुई थी। इस वायरस के चलते रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है और कुछ सर्दियों जैसे आम लक्षण दिखाई देते हैं।

**आखिर किस तरह फैलता है कोरोना:** इस वायरस से संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने के कारण फैलता है। आमतौर पर यह वायरस खांसने और छींकने से ही सबसे ज्यादा फैलता है। इसके अलावा संक्रमित व्यक्ति के द्वारा छुए गए किसी भी सामान या फिर ऑब्जेक्ट पर कोरोना वायरस मौजूद रहता है। अगर कोई स्वस्थ व्यक्ति उस सामान को छू लेता है तो इस कारण भी कोरोना वायरस फैलता है।

**ये हैं लक्षण:** कोरोना वायरस के लक्षण में अभी तक डॉक्टरों के द्वारा कुछ खास लक्षण बताए गए हैं। कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति को बुखार खांसी और सांस लेने में कमी होना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। कुछ अन्य केस में यह सांस लेने में दिक्कत होने लगती है और बहुत ही कम केस में संक्रमित व्यक्ति बेहोश हो जाता है।

#### निर्देश: होटलों को उपलब्ध करानी होगी अन्य देशों के गेस्ट की जानकारी

तीनों एमसीडी ने होटल और गेस्ट हाउसों को निर्देश दिया है कि अब किसी भी देश के आने वाले गेस्ट की जानकारी वह अपने पास रखें और प्रतिदिन के आधार पर उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही होटल एवं गेस्ट हाउसों के मैनेजर और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति अगर उनके यहां ठहरता हैं और उसमें खासी जुकाम आदि के लक्षण हैं तो उसकी जानकारी भी निगम को देनी होगी। पहले यह जानकारी केवल चाइना, थाइलैंड, सिंगापुर, हॉगकांग और चाइना से आने वाले पर्यटकों की ले जा रही थी।

#### सुविधा: सीबीएसई परीक्षा केंद्रों में सेनिटाइजर और मास्क ले जा सकेंगे छात्र

कोरोना वायरस के खौफ को देखते हुए अभिभावकों ने सीबीएसई से पूछा कि परीक्षा के दौरान छात्र मास्क और सेनिटाइजर्स ले जा सकेंगे या नहीं। बार-बार आए सवालों को देखते हुए सीबीएसई बोर्ड ने साफ किया है कि फेस मास्क और सेनिटाइजर्स अगर स्टूडेंट्स चाहें तो परीक्षा केंद्र के अंदर ले जा सकते हैं।

#### अहम बात: इटली नहीं ऑस्ट्रिया से दिल्ली आया था कोरोना का पहला मरीज

दिल्ली में कोरोना का पहला मरीज 25 फरवरी को ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना से लौटा था। वह भारत से टूरिस्ट वीजा लेकर इटली गया था। वहां से सड़क मार्ग से विएना पहुंचा था। वहां फ्लाइट से आईजीआई एयरपोर्ट आ गया। दरअसल जब भारत आया, उस वक्त ऑस्ट्रिया से आने वाले लोगों की कोरोना वायरस की थर्मल स्क्रीनिंग अनिवार्य नहीं थी। यही वजह रही कि वह बिना स्क्रीनिंग के अपने घर पहुंच गया। कोरोना से संक्रमित शख्स ने अपने बेटे का जन्मदिन दिल्ली के हयात रेजिडेंसी में मनाया और फिर वहां से आगरा चला गया। उसके दो बेटे नोएडा के एक स्कूल में पढ़ते हैं, ऐसे में उन स्कूलों को भी बंद करने का फैसला लिया गया है, ताकि वायरस के संक्रमण से बचा जा सके। सीएम केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली में जिन-जन लोगों से वह मिले और जहां-जहां गए, हम उनके संपर्क में आने वाले 88 लोगों को चिन्हित कर उनकी जांच करने की कोशिश कर रहे हैं।

#### तैयारी: प्रमुख स्टेशनों पर पर जानकारियां देगी मेट्रो

कोरोना वायरस के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन जागरूकता अभियान चलाएगी। मेट्रो की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कोरोना वायरस के संबंध में करने और न करने योग्य बातों के लिए प्रमुख स्टेशनों पर हिंदी और इंग्लिश में विज्ञापन चलाया जाएगा। राजीव चौक, कश्मीरी गेट, केंद्रीय सचिवालय, चांदनी चौक और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन डिजीटल प्लेटफार्म पर चलते हुए दिखेंगे। दिल्ली सरकार ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी स्कूलों के बच्चों में कोरोना के बारे में जागरूकता पैदा कीजिए।

#### बड़ा सवाल: थर्मल स्कैनिंग के बावजूद एयरपोर्ट पर क्यों नहीं हो पा रही पहचान

केंद्र सरकार ने दिल्ली एयरपोर्ट पर आने वाले विदेशी नागरिकों की थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था की थी। सवाल यह है कि इसके बावजूद ऑस्ट्रिया और इटली से आए संक्रमित लोगों की पहचान क्यों नहीं हो सकी? आखिर क्यों उन्हें आइसोलेशन सेंटर में नहीं भेजा गया। बता दें कि कोरोना के संक्रमण से देशवासियों को बचाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने यात्रा से जुड़ी एक एडवाइजरी जारी की है। भारतीय नागरिकों को खासतौर चीन सहित सिंगापुर, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, सिंगापुर और इटली की गैरजरूरी यात्रा न करने की सलाह दी गई है।



**हम** सभी के अंदर एक वंडर वुमन है, जय हिंद कालेज के रोटारैक्ट क्लब ने इस कथन को काफी शाब्दिक रूप सिध्द कर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जय हिंद कालेज का रोटारैक्ट क्लब अपनी विरासत परियोजना CHEEKH के साथ वापस आ गया है। हर साल महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते है। महिलाओं के खिलाफ लगातार अपराधों के वृद्धि बढ़ती ही जा रही है, और अब समय आ गया है, कि हर महिलाओं को आत्मरक्षा सीखना शुरू करना होगा। अपराधी अपने शिकार से वापस लड़ने की उम्मीद नही करता है, हो सकता है, कि वह आपको ना चुने। लेकिन अगर वह ऐसा करता है, तो उसे आश्चर्य होगा, आज के समय में, हर महिला को अपनी आत्मरक्षा सीखना बहुत जरूरी है, अपने Flashmobs के माध्यम से हम उम्मीद करते है, कि सभी महिलाये वहां तक पहुचेंगी आयोजन अध्यक्षा, आरटीआर हेमाशी छेडा और आरटीआर मुस्कान लखानी ने कहा है।

# दिल्ली हिंसा: भड़काऊ भाषण मामला : याचिकाकर्ताओं के वकील बोले- भाजपा नेताओं को गिरफ्तार किया जाता तो दंगे नहीं होते

**संवाददाता**

**दिल्ली** हिंसा में भड़काऊ भाषण देने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं पर हाईकोर्ट को शुक्रवार को ही सुनवाई करने का निर्देश दिया। चीफ जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने बुधवार को कहा कि हिंसा से जुड़े मामले में सुनवाई में देरी ठीक नहीं है। हाईकोर्ट ने इस मामले से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई 13 अप्रैल को तय की थी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकताओं के वकील कोलिन गोंजाल्विस को कहा कि वह भड़काऊ भाषण देने वाले नेताओं के नाम हाईकोर्ट को सुझाएं, ताकि वह शांति बहाल करने की संभावना पर विचार करे। गोंजाल्विस ने अपनी दलील में कहा कि अगर भाजपा नेता कपिल मिश्रा, परवेश वर्मा और अनुराग ठाकुर भड़काऊ भाषण नहीं देते तो हिंसा नहीं होती। इन्हें गिरफ्तार किया जाता तो दंगे नहीं होते। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि आपका यह कहना सही नहीं है कि नेताओं को गिरफ्तार करने पर दंगे नहीं होंगे। कभी-कभी नेताओं को गिरफ्तार करने की वजह से भी दंगे भड़क जाते हैं। क्या आपको मुंबई के दंगे याद नहीं हैं? वहां पर कुछ नेताओं को गिरफ्तार करने के बाद दंगे भड़क गए थे। दिल्ली हाईकोर्ट ने दंगा पीड़ितों को मुआवजा देने के दिल्ली सरकार के फैसले के खिलाफ दायर याचिका को रद्द कर दिया है। भाजपा नेता और पूर्व विधायक नंद किशोर गर्ग की याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीएन पटेल और जस्टिस सी हरिशंकर ने कहा कि पीड़ितों को मुआवजा देने के सरकार के फैसले में कुछ भी



गलत नहीं है। यह सरकार का नीतिगत फैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने भड़काऊ भाषण मामले में याचिकाकर्ता हर्ष मंदर की याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी पर चीफ जस्टिस ने नाराजगी जाहिर की है और उनसे शुक्रवार को जवाब देने को कहा है।



CMYK CMYK

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# यूपी में दो से ज्यादा बच्चे वाले लोगों के लिए सख्त नियम बना रही योगी आदित्यनाथ सरकार

**लखनऊ।** अगर आप यूपी में रहते हैं और आपके दो से ज्यादा बच्चे हैं तो आपके लिए बुरी खबर है। सूबे की योगी आदित्यनाथ सरकार दो से ज्यादा बच्चों वाले व्यक्ति के लिए को कड़े नियम बनाने जा रही हैं। ऐसे व्यक्तियों को सामाजिक कल्याण योजनाओं या पंचायत चुनाव में भाग लेने की अनुमति पर रोक लगा सकती है। राज्य सरकार एक नई जनसंख्या नीति बना रही है जिसमें ये प्रावधान किए जा सकते हैं।

स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने बुधवार को कहा कि नई नीतियां जल्द ही घोषित की जाएंगी। उन्होंने कहा, 'अन्य राज्यों की जनसंख्या नीतियों का अध्ययन



किया जा रहा है और उनमें से सबसे अच्छी नीतियों को लिया जाएगा और देश की सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में लागू किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों का एक दल एक मसौदा नीति का अध्ययन कर रहा है। इससे पहले वर्ष 2000 में जनसंख्या नीति की समीक्षा की गई थी।

विशेषज्ञों की समिति में सदस्य परिवार कल्याण महानिदेशक डॉक्टर बद्री विशाल ने बताया कि दक्षिण भारत के राज्य जनसंख्या नियंत्रण करने में सफल हो गए हैं। हालांकि उत्तर भारत के राज्य अभी भी इस दिशा में संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमसे जनसंख्या में कम राजस्थान और मध्य प्रदेश ने जिन लोगों के ज्यादा बच्चे हैं, उन्हें सुविधाएं देना कम कर दिया है। इन राज्यों में जिन लोगों के दो से ज्यादा बच्चे हैं, उन्हें पंचायत चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं है। हमने इस नीति को अपनाने का प्रस्ताव दिया है।

सूत्रों के मुताबिक जिन लोगों के दो से ज्यादा बच्चे हैं, उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से वंचित करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया है। एक अधिकारी ने कहा, 'हालांकि यह बहुत कठिन फैसला है, कई राज्य जिन सरकारी कर्मचारियों के दो से ज्यादा बच्चे हैं, उन्हें स्कूल फीस भत्ते रिबर्स नहीं करते हैं।'

## 'बगावत' से मुश्किल में फंसी कमलनाथ सरकार, दिग्विजय सिंह ने दिया 'मंत्र'



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार विधायकों के बागी तेवरों के बाद मुश्किलों में घिरी नजर आ रही है। कांग्रेस विधायक हरदीप सिंह डंग ने मंत्री पद न मिलने से नाराजगी जताते हुए गुरुवार रात इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही उन्होंने कमलनाथ सरकार पर जनता के विकास कार्य के लिए सहयोग न करने का आरोप लगाया।

हालांकि, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ का कहना है कि वह डंग से खास तौर पर बात करेंगे या फिर निजी मुलाकात भी हो सकती है। उधर, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ सरकार को बचाने के लिए एक 'मंत्र' दिया है।

दिग्विजय सिंह ने कहा है, 'विधानसभा में बजट सत्र के बाद राज्य कैबिनेट विस्तार किया जाना चाहिए।' माना जा रहा है कि कई बागी विधायकों को मंत्री पद का लालच देकर उन्हें सरकार के साथ बनाए रखने की कोशिश की जा रही है।

## कोरोनाः दिल्ली के सरकारी दफ्तरों में नहीं लगेगी बायोमीट्रिक हाजरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बायोमीट्रिक हाजिरी को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया है। कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए सभी विभागों, सरकारी निकायों और नगर निगमों के लिए यह निर्देश जारी किया गया है। अगले आदेश तक बायोमीट्रिक हाजिरी की शर्त को हटा दिया गया है।

सरकार के जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ने कोरोना वायरस के खतरे के मद्देनजर बायोमीट्रिक हाजिरी को रोकने के लिए प्रधान सचिवों, सचिवों, सरकारी निकाय और नगर निगमों को पत्र लिखा है। कोरोना वायरस का संक्रमण एक से दूसरे में फैलता है। छूने और एक- दूसरे के संपर्क में आने से यह वायरस ट्रांसफर हो सकता है। ऐसे में अगर संक्रमित व्यक्ति बायोमीट्रिक मशीन को छूता है और उसी जगह पर कोई दूसरा स्वस्थ व्यक्ति हाजिरी लगाता है, तो वायरस के ट्रांसफर होने का खतरा है। दिल्ली सरकार ने गुरुवार को सभी विभागों के लिए यह आदेश जारी किया है। इससे पहले पिछले महीने कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए महर्षि वाल्मीकि अस्पताल प्रशासन ने बायोमीट्रिक हाजिरी पर रोक लगाई थी।

दिल्ली सरकार के इस अस्पताल के प्रशासन ने ऑफिस ऑर्डर जारी कर बायोमीट्रिक हाजिरी को अगले आदेश तक इस्तेमाल नहीं करने की बात कही थी। अब दिल्ली सरकार ने अपने सभी विभागों, अस्पतालों, स्वायत्त निकायों और नगर निगमों के लिए यह आदेश जारी किया है। सभी को फिलहाल मैनुअली अटेंडेंस करने को कहा गया है।

## कोरोना से लड़ने के लिए एमसीडी अस्पतालों में नहीं हैं मास्क

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस से निपटने के लिए एमसीडी के अस्पतालों में मास्क तक नहीं है। नॉर्थ एमसीडी के कस्तूरबा गांधी अस्पताल में एन - 95 मास्क महज 13 हैं। हिंदूराव, गिरधारी लाल, राजन बाबू टीबी हॉस्पिटल और बाकी अस्पतालों में मुश्किल से एक या दो ही एन - 95 मास्क उपलब्ध हैं। यही हाल साउथ एमसीडी का है। साउथ एमसीडी के किसी भी कॉलोनी अस्पताल या डिस्पेंसरी में मास्क नहीं है। डॉक्टर, नर्स और वॉर्डों में काम करने वाले स्टाफ को लगाने के लिए भी मास्क उपलब्ध नहीं हैं। स्टाफ सर्जिकल मास्क से ही काम चला रहे हैं, जिसे 6 घंटे से ज्यादा समय तक इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। नॉर्थ एमसीडी हेल्थ विभाग के अफसरों का कहना है कि एन - 95 मास्क की कमी है। मास्क खरीदने के लिए ऑर्डर दिए गए हैं।

## अरिहंत सोसायटी में महिला की हत्या, ऐप से हुई थी दोस्ती, 2.5 साल से ब्लैकमेल कर रहा था आरोपी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अरिहंत आर्डेन सोसायटी में गुरुवार को एक महिला की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। अब तक की जांच के मुताबिक युवक महिला को काफी दिनों से ब्लैकमेल कर रहा था और इसी को लेकर झगड़े में महिला की हत्या कर दी गई। बताया गया है कि दोनों एक मोबाइल ऐप के जरिए संपर्क में आए थे।

अरिहंत आर्डेन सोसायटी के जी टावर के फ्लैट नंबर 101 में नीरजा चौहान (49) परिवार के साथ रहती थीं। उनके पति एनटीपीसी में अधिकारी हैं। उनका बेटा भी किसी कंपनी में नौकरी करता है। गुरुवार को वे अपने घर पर अकेली थी। देर शाम को उनका बेटा ऑफिस से घर लौटा तो काफी देर तक बेल दबाता रहा, लेकिन गेट नहीं खुला। उन्हें कुछ अनहोनी का संदेह हुआ। इसी दौरान आसपास के लोग भी शोर सुनकर एकत्र हो गए। जब फ्लैट का दरवाजा खोला गया तो पता चला कि महिला का शव लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर राघव नाम के युवक को गिरफ्तार किया। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि आरोपी ने हत्या की बात कबूल



की है। यह महिला से 2.5 साल से संपर्क में था घर पर आना जाना था। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच एक मोबाइल ऐप के जरिए दोस्ती हुई थी। वह लंबे समय से महिला को ब्लैकमेल कर रहा था। गुरुवार को भी राघव ने नीरजा से पैसे मांगें और उसने देने से इनकार किया तो गुस्से में आकर महिला की हत्या कर दी।

## कभी लालू के रसूख के बल पर 'राज' करने वाले शहाबुद्दीन तेजस्वी की टीम से बाहर

**पटना।** बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के राज में उनके सबसे करीबी लोगों में से एक रहे मोहम्मद शहाबुद्दीन को अब राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से बाहर कर दिया गया है। 2020 के बिहार चुनाव से पहले आरजेडी के इस बड़े फैसले के पीछे तेजस्वी यादव का हाथ माना जा रहा है। बिहार में अब तक आरजेडी लालू के नेतृत्व में चुनाव लड़ती रही है, लेकिन इस बार लालू सियासत के परिदृश्य से बाहर हैं। बिहार के बाहुबली नेताओं में शुमार शहाबुद्दीन पूर्व में सीवान सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं।

हालांकि ऑपरेशन क्लीन की कोशिश कर रही आरजेडी ने परोक्ष रूप से ही सही शहाबुद्दीन को संगठन से किसी तरह जोड़े भी रखा है। मुस्लिम वोटरों के बीच पैठ खोने की आशंका में आरजेडी ने मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब को अपनी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान दिया है। माना जा रहा है कि तेजस्वी के साथ सत्ता के समर में उतरने वाली आरजेडी ने अपनी छवि सुधारने की दिशा में शहाबुद्दीन को संगठन से बाहर किया है। इससे पहले आरजेडी राजबल्लभ यादव समेत कुछ दागी नेताओं को पार्टी से बाहर कर चुकी है। आरजेडी के सहारे बाहुबल और सियासत के रास्ते पर आगे बढ़ने वाले शहाबुद्दीन की पहचान बिहार के बाहुबली नेताओं के रूप में होती रही है।

# होली लाया लॉन्ग वीकेंड, गोवा-अंडमान में 'होलीडे' मनाएंगे दिल्लीवाले

इस साल होली 9 मार्च यानी कि सोमवार को पड़ रही है, जबकि रंग वाली होली 10 मार्च यानी कि मंगलवार को। ऐसे में, अगर 7 और 8 मार्च के वीकेंड को होली की छुट्टियों के साथ मिला दिया जाए, तो दिल्लीवालों को इस रंग-बिरंगे त्यौहार पर पूरे चार दिन की छुट्टी मिल रही है। बेशक, तमाम लोगों ने इन चार दिनों के लॉन्ग वीकेंड का पूरा लुत्फ उठाने के लिए इस बार होली का त्यौहार कहीं बाहर मनाने की प्लानिंग कर ली है। कोई दिल्ली से ड्राइव करके आस-पास के टूरिस्ट प्लेस पर जाने की प्लानिंग कर रहा है, तो कुछ लोगों ने बीच हॉलिडे मनाने की प्लानिंग कर ली है। इस बार होली पर दिल्लीवाले कहां के टिकट कटा रहे हैं, हमने इस बारे में पता लगाया।



होली की छुट्टियों को लेकर दिल्ली वालों ने पहले ही अपनी बुकिंग करानी शुरू कर दी हैं। छोटे ट्रिप के लिए लोग होली पर आस-पास ऐसी जगह जाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं, जहां होली ट्रडिशनल तरीके से मनाई जाती हो। इस तरह उनका घूमना भी हो जाएगा और होली की मस्ती भी हो जाएगी। इस बारे में मेक माई ट्रिप के प्रवक्ता ने बताया, 'इस बार लॉन्ग वीकेंड का फायदा उठाकर दिल्ली वाले होली मनाने के लिए मथुरा, वृंदावन और पुष्कर जैसी जगहों का रुख कर रहे हैं। यहां की पारंपरिक होली काफी पसंद की जाती है, इसलिए लोग होली के लिए फेमस इन जगहों पर जाना लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं।' वहीं एसओटीसी ट्रैवल के अध्यक्ष और कंट्री हेड डेनियल डिसूजा बताते हैं, 'होली को लेकर दिल्ली वालों की लिस्ट में हरिद्वार, उदयपुर, जयपुर, पंजाब और हिमाचल जैसी खूबसूरत जगहें भी शामिल हैं। होली के वीकेंड्स पर शॉर्ट ट्रिप के तौर पर लोग इन जगहों पर भी काफी संख्या में जाना पसंद कर रहे हैं।'

**लॉन्ग वीकेंड पर जाएंगे बीच ट्रिप पर**

दिल्ली में ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो होली के लॉन्ग वीकेंड पर फैमिली को कंप्लीट ट्रिप पर ले जाना चाहते हैं। ऐसे में, ट्रैवल कंपनियों के पास दिल्लीवालों की काफी बुकिंग आ रही हैं। इस बारे में थॉमस कुक (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष और कंट्री हेड राजीव काले बताते हैं, 'हमने पिछले कुछ समय में देखा है कि लॉन्ग वीकेंड्स पर घूमने जाने वाले दिल्लीवालों की संख्या में 17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। होली पर जो वर्किंग प्रॉफेनल्स, युवा और फैमिली लॉन्ग ट्रिप का प्लान बना रहे हैं, वे टूरिस्ट प्लेस पर ही रुककर होली का त्योहार मनाने की प्लानिंग कर रहे हैं।'

वैसे 4 दिन की छुट्टी कम नहीं होती, लेकिन हर किसी को सोमवार या शनिवार का ऑफ नहीं मिल पाता। ऐसे में, वे कैसे अपना टूर प्लान कर रहे हैं? प्राइवेट जॉब करने वाले अश्वनी बताते हैं, 'इस बार नए साल की छुट्टियों में मेरा पूरी फैमिली के साथ गोवा जाने का प्लान था, लेकिन तब ऑफिस से छुट्टी नहीं मिल पाने की वजह से हम नहीं जा पाए। इसलिए मैंने एडवांस में ही होली लॉन्ग वीकेंड पर गोवा की बुकिंग करा ली थी। हालांकि मेरे बेटे का एक पेपर बचा हुआ है, लेकिन हम होली गोवा में ही मनाने वाले हैं।' वहीं बिजनेस मैन कमल बताते हैं, 'मेरी शादी हाल ही में हुई है। इसलिए हमारा अपनी पहली होली को कहीं दूर मनाने का मन था। मेरी वाइफ भी जॉब में हैं। उसका सोमवार को ऑफ नहीं था और मेरा शनिवार को। इसलिए हम दोनों ने अपने-अपने ऑफिस से छुट्टी लेकर अंडमान जाने की तैयारी कर ली है।

आजकल ऑफिस की थकान को दूर करने के लिए दिल्लीवाले घूमने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। यही वजह है कि वे लॉन्ग वीकेंड का मौका मिलते ही शॉर्ट ट्रिप प्लान कर रहे हैं। यही वजह है कि होली के लॉन्ग वीकेंड पर भी वे ऑफिस के स्ट्रेस को होली के रंग में भुला देना चाहते हैं। एसओटीसी इंडिया हॉलिडे की रिपोर्ट की मानें, तो 25 साल से कम उम्र के 53 प्रतिशत लोग होली पर शार्ट ट्रिप पर जाना पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा 26 से 39 वर्ष की आयु के 59 प्रतिशत लोग छोटे टूर पर जाना पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही 40 से 54 साल की उम्र तक के 50 प्रतिशत लोग दिल्ली के आसपास ही होली पर कहीं घूमना पसंद कर रहे हैं। वहीं जो पहली बार फैमिली के साथ या फिर पहली बार सोलो ट्रिप का प्लान बना रहे हैं, वे इन छुट्टियों पर लंबे टूर की प्लानिंग कर रहे हैं।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
पारिवारिक सदस्य के कारण तनाव मिल सकता है। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढेगी।

**सिंह**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, समान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी।

**धनु**
रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी।

**वृष**
शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया जा रहा काम सार्थक होगा। दांपत्य जीवन में तनाव आएगा। भागदौड़ रहेगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**कन्या**
शिक्षा की दिशा में सफलता मिलेगी लेकिन पारिवारिक या व्यावसायिक तनाव मिल सकता है। व्यर्थ की उलझनें भी मिलेंगी।

**मकर**
शासन सत्ता से सहयोग मिलेगा। कुछ पारिवारिक या स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मिथुन**
पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**तुला**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। उच्च अधिकारी या घर के मुखिया से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कुंभ**
यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। विरोधी सक्रिय हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।बीमारियां घेर सकती हैं।

**वृश्चिक**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**मीन**
जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा लेकिन भावुकता पर नियंत्रण रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

# ऐसी जगह जहां औरतों के लिए 'वेलकम', लेकिन मर्दों की है 'नो एंट्री'

केरल के सबरीमाला मंदिर के बारे में तो आपने सुना होगा, जहां औरतों के जाने पर पाबंदी लगी हुई है। मंदिर में औरतों के प्रवेश को लेकर काफी समय से सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है। फिलहाल इसको लेकर फैसला क्या होगा, इसके बारे में बता पाना मुश्किल है। लेकिन आज हम आपसे इस विषय पर चर्चा करने नहीं, बल्कि एक ऐसी जगह के बारे में बताने आए हैं, जहां औरतों का नहीं बल्कि मर्दों का जाना मना है। खबर पढ़कर आप चौंक गए होंगे, लेकिन ये सच है।

इस अनोखी जगह का नाम है सुपरशी आइलैंड। यह आइलैंड फिनलैंड के बाल्टिक सी के पास है। इस आइलैंड में सिर्फ और सिर्फ औरतों की एंट्री होगी। इस साल से इस आइलैंड को खोला जाएगा। अमेरिका की एक महिला व्यापारी क्रिस्टीना रॉथ ने इस आइलैंड को खरीदा है, जो करीब 8.47 एकड़ में फैला हुआ है।

**महिलाओं के सुख-सुविधा अनुसार बनाया गया रिजॉर्ट**

खबरों की मानें तो क्रिस्टीना रॉथ काफी समय से ऐसी जगह की खोज में थीं, जहां सिर्फ महिलाएं आकर अपनी छुट्टियां बिता सकें। महिलाओं को इस जगह पर किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। क्रिस्टीना का कहना है कि उन्होंने महिलाओं के हिसाब से इस आइलैंड में उनके फिटनेस, न्यूट्रीशन जैसी उन सभी चीजों का इंतेजाम किया है, जो महिलाओं को अपनी भागदौड़ भरी ज़िंदगी में नहीं मिल पाता है।

**एक केबिन की कीमत 2 से 4 लाख रुपये**

सुपरशी, आइलैंड में एक रिजॉर्ट की तरह है, जिसपर अभी काम चल रहा है। क्रिस्टीना रॉथ ने 2017 में इस जगह को खरीदा था, तब से रिजॉर्ट पर काम किया जा रहा है। इसमें 4 केबिन हैं, जिसमें करीब 10 महिलाएं आराम से रह सकती हैं। इस रिजॉर्ट में स्पा, सौना बाथ जैसी सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। इसमें मौजूद सभी केबिन्स को महिलाओं के स्वास्थ्य के अनुरूप बनाया गया है। इसके एक केबिन की कीमत करीब 2 लाख रुपये से लेकर 4 लाख रुपये तक की है, जिसमें 5 दिन की छुट्टियां महिलाएं बिता सकती हैं।

**टिकट लेने के लिए पहले होगा इंटरव्यू**

खबरों के अनुसार, इस रिजॉर्ट में टिकट बुक करने के लिए महिलाओं को पहले यहां से स्वीकृति लेनी होगी। स्वीकृति के लिए महिलाओं का स्काइप पर इंटरव्यू होगा।

**मर्दों के लिए भी खुल सकता है रिजॉर्ट**

न्यूयॉर्क पोस्ट की खबर के अनुसार, क्रिस्टीना रॉथ ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें मर्दों से नफरत नहीं है। लेकिन फिलहाल ये रिजॉर्ट सिर्फ औरतों के लिए खोजा जाएगा। उसके बाद आइलैंड मर्दों के लिए भी खोला जा सकता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# आपकी ईवनिंग ड्रेस को रॉयल लुक देगी केप, इन नए तरीकों को अपनाएं





लाइफस्टाइल डेस्क. सिंपल लुक में स्टाइलिश नजर आना है तो केप का ऑप्शन बेस्ट है। केप आपकी अपर बॉडी को कवर करने का बेहतरीन ऑप्शन है। इसे शियर, लेस, ब्रोकेड जैसे फैब्रिक में पसंद किया जा रहा है। इसे ट्रेडिशनल से वेस्टर्न ड्रेसेस में कैरी किया जा सकता है।

## कुछ इस तरह कैरी करें केप

फुल लेंथ केप स्टाइल पसंद करने वाली गर्ल्स इस तरह के डिजाइनर कुर्ते अपने लिए चुन सकती हैं। इसके लिए आप प्लेन कुर्ता सिलवा लें। इसके ऊपर शिफॉन, जॉर्जेट, ब्रोकेड या नेट से बना केप पहनें। इस तरह आप कम कीमत में भी एक पार्टी वियर ड्रेस डिजाइन कर अपना लुक बढ़ा सकती हैं। फुशिया पिंक ऑर्गेंजा केप स्टाइल टॉप के साथ धोती की पेयरिंग बेहतरीन ईवनिंग ड्रेस है। अगर आप डार्क कलर पसंद नही करतीं तो पेस्टल शेड ट्राय करें। केप स्टाइल टॉप के साथ स्कर्ट भी अच्छे लगते हैं। अपने पैरों को गोल्डन या मैटेलिक जैसे डिजाइनर फुटवियर से सजाकर अधिक आकर्षक बनाया जा सकता है। विंटर की सर्द हवाओं के बीच पर्पल जैसे डार्क शेड गाउन में भी खूब पसंद किए जाते हैं। इसकी स्लीव्स को पर्पल कलर के शिफॉन या नेट से बनी केप स्टाइल से सजाया जा सकता है। साथ में अमेरिकन डायमंड की ज्वेलरी आपको सूट करेगी। गाउन की बॉर्डर को भी फंक्शन के अनुरूप सजाकर हेवी लुक दिया जा सकता है। इस पर ड्रेस से मैच करती हुई एंब्रॉयडरी करें या गोटा-पट्टी से सजा लें। लहंगा चोली में केप स्टाइल स्लीव्स भी चलन में हैं। अगर आप नेक को केप से सजाना पसंद नहीं करतीं तो कोई बात नहीं। स्लीव्स में केप स्टाइल भी आपके लिए उपयुक्त होगी। इस समय स्लीव्स की यह स्टाइल ऑन डिमांड है। स्लीव्स को केप से कवर करना इंडियन ब्राइड्स के साथ-साथ उसकी सहेलियों को भी खूब भाता है। अगर आप इसे ईवनिंग ड्रेस के तौर पर पहन रही हैं तो सॉफ्ट फैब्रिक का चयन करें। इस तरह के महीन केप को आप बस्टी ब्लाउज के ऊपर से पहनें, लहंगे के साथ यह परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।



# अपर बॉडी पार्ट्स मजबूत करेगी बेंच डिप्स, तनाव कम करने में भी मददगार

बेंच डिप्स ट्राइसेप्स, छाती और कंधों की मजबूती के लिए की जाने वाली बेहतरीन एक्सरसाइज है। यह लोअर बॉडी पर जमा एक्स्ट्रा फैट कम करने में भी मदद करता है। इसे करने से स्ट्रेंथ ट्रेनिंग की क्षमता में सुधार आता है। अगर एक बेंच पर एक्सरसाइज करना आपके लिए मुश्किल हो तो आप दो बेंच की मदद से इसे कर सकते हैं।



## इसके ये चार फायदे भी जानें

**बॉडी बनाए स्ट्रॉन्ग**

इससे मसल्स मजबूत होती हैं। इस वर्कआउट को करने से चेस्ट मसल्स और बोन डेंसिटी में आ रही गिरावट रूक जाती है। स्ट्रॉन्ग बॉडी की चाहत रखने वालों के लिए यह बेहतरीन एक्सरसाइज है।

**चोट का खतरा**

कम चोट से बचने के लिए जरूरी है कि अपने शारीरिक जोड़ों और टिशू को मजबूत बनाया जाए। इसे करने से शारीरिक जोड़ों और टिशू को मजबूती मिलती है और चोटिल होने की आशंका कम हो जाती है।

**एनर्जी लेवल बढ़ता है**

इससे दिमाग में एंडोर्फिन का स्तर बढ़ता है, जो आपको ऊजार्वान रखने के साथ ही दिमाग को भी शांत रखता है। यह मानसिक विकास के लिए जरूरी है और तनाव कम करने में मदद करता है।

**मजबूत हड्डियां**

बेंच डिप्स से शरीर में पोषक तत्वों का अवशोषण अच्छी तरह से होता है और हड्डियों तक जरूरी पोषण पहुंच जाता है। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और फ्रैक्चर होने की आशंका कम होती है।

**करने का तरीका**

इस वर्कआउट में बेंच के सहारे डिप्स लगाया जाता है। डिप्स लगाने के लिए अपने दोनों हाथ के पंजों को बेंच के ऊपर टिकाएं। फिर घुटनों को मोड़ते हुए कंधे के बल पूरे शरीर को नीचे जाने दें और फिर ऊपर उठाएं। इस दौरान आप चाहें तो दोनों पैरों को किसी टेबल के ऊपर भी कर सकते हैं। आप इसे जिम, पार्क या घर में भी कर सकतीं हैं। इसे करते वक्त अपनी कोहनियों को नब्बे डिग्री से ज्यादा न मोड़ें। आप अपनी क्षमतानुसार इसके 20 रिपिटेशन और चार सेट कर सकते है।

# पर्दे से लेकर कुशन तक 5 बदलाव करें और कमरे का इंटीरियर खूबसूरत बनाएं

कौन नहीं चाहता, पर कई बार सजावट के सही तरीकों की जानकारी के अभाव में कुछ भूल हो जाती हैं, जिस कारण कमरे का आकर्षण कम हो जाता है, खासतौर पर ड्रॉइंग रूम में। कुछ बातें याद रखी जाएं तो इस तरह की गलतियों से बचा जा सकता है। आरती खरे बता रही हैं कैसे इंटीरियर को और भी खूबसूरत बनाया जाए...

**एक साइज के कुशन**

अमूमन सभी लोग सोफे पर एक ही आकार के कुशन रखते हैं, जो कि सही नहीं है। सोफे पर असमान आकार के कुशन रखें। सबसे बड़ा फिर छोटा और आखिर में छोटा कुशन या छोटा तकिया भी रख सकते हैं। समान आकार के कुशन्स को एक सोफे पर सजाने की अपेक्षा इनका अलग-अलग जगहों पर इस्तेमाल करें।

**फर्नीचर का चयन**

घर की सजावट के लिए कई बार ऐसे फर्नीचर खरीद लिए जाते हैं, जो कमरे के लुक से बिलकुल ही साम्य नहीं रखता। हर कमरे का अपना एक स्वरूप होता है। ढेर सारे लकड़ी के सामान के बीच लोहे का कोई स्टूल या पाउडर कोटेड लैम्प बिलकुल भी नहीं जंचेगा। सामानों के बीच रंग और बनावट की सामग्री का संतुलन जरूर सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

**पर्दों की सही जगह**

खिड़की पर पर्दे टांगने के लिए सही तरीका ये है कि खिड़की और सीलिंग के बीच में रॉड पर पर्दों पर लटकाया जाए और रॉड दीवार से चिपकी न होकर 6-8 इंच बाहर की ओर रहे। इससे खिड़की बड़ी भी दिखाई देती है और पर्दों को लगाने व हटाने में भी आसानी होती है।

**सीनरियों का चयन**

सीनरियों की सजावट काफी पसंद की जाती है। पर ये न हो कि शौक के कारण कला का गलत प्रदर्शन किया जाए। ऐसी सीनरी का चयन न करें जो नकारात्मक



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# आईपीएल 2020 का आयोजन होगा, कोरोना वायरस को लेकर बीसीसीआई करेगा पूरी तैयारी: गांगुली






**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस का कहर भारत भी पहुंच चुका है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या इस महामारी के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2020 संस्करण का आयोजन होगा। बीसीसीआई ने इसे लेकर अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि आईपीएल 2020 जारी रहेगा और कोरोना वायरस को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने शुक्रवार को साफ कर दिया कि आईपीएल ह्यऑनह्ण है और बोर्ड 29 मार्च से शुरू हो रहे इस टूर्नमेंट के सुचारू आयोजन को लेकर हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है।

यह पूछे जाने पर कि बोर्ड किस तरह कोरोना वायरस से निपटने के लिए तैयार है और क्या आईपीएल का आयोजन होगा? बोर्ड अध्यक्ष ने कहा, ह्यआईपीएल ऑन है ह्ण स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मिले आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अब तक भारत में कोरोना वायरस के 30 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी के हवाले से ईएसपीएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्ड सरकार के दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए कोरोना वायरस के सम्बंध में हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है।

इस सम्बंध में सभी स्टेकहोल्डर्स, खिलाड़ियों, फ्रैंजाइजी, एयरलाइंस, टीम होटल्स, ब्रॉडकास्टिंग क्रू और इस लीग से जुड़े सभी पक्षों को जरूरी सावधानी और ऐहतियात बरतने के लिए सरकार के निदेर्शों का पालन करने के लिए कहा जाएगा। बोर्ड ने यह भी कहा है कि खिलाड़ियों से कहा जाएगा कि वे फैन्स से हाथ न मिलाएं और ऐसे किसी डिवाइस से पिक्चर क्लिक न करें, जो उनका न हो।

कोरोना वायरस के कारण दुनिया भर में अब तक लगभग 3 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बढ़ते खतरे के कारण कई खेल आयोजन रद्द कर दिए गए हैं। इसे लेकर ओलिंपिक के आयोजन पर भी सवालिया निशन लग गए हैं, जिसका आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में जापान की राजधानी टोक्यो में होना है।

# एफ ए मैच के बाद प्रशंसक से भिड़ने स्टैंड में पहुंच गए एरिक डाएर




**लंदन।** इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर एरिक डायर एफए कप के मैच के बाद एक प्रशंसक के साथ भिड़ गए। टॉटनहम स्पर्स को नॉर्विच के हाथों पेनाल्टी शूटआउट में मिली 2-3 से हार के बाद एरिक दर्शक दीर्घा में बैठे एक प्रशंसक से इसलिए उलझ गए क्योंकि उसने खिलाड़ी के छोटे भाई से कुछ अपशब्द कहे थे। इस मामले में सुरक्षा बल को दखल देना पड़ा। यह हादसा डगआउट के पीछे कॉरपोरेट सेक्शन में हुआ।

टीम के मैनेजर जोस मोरिन्हो ने मैच के बाद कहा कि एरिक ने प्रशंसक द्वारा अपमान किए जाने के बाद प्रतिक्रिया दी। मुझे लगता है कि एरिक ने वह किया जो हम पेशेवर नहीं कर सकते, लेकिन शायद हम सभी को करना चाहिए।

मैं दोहरा रहा हूं, हम पेशेवर लोग नहीं कर सकते, लेकिन मैं फिर दोहरा रहा हूं मैं खिलाड़ी के साथ हूं और खिलाड़ी को समझता हूं। आखिरी पेनाल्टी किक तक प्रशंसक हमारे साथ थे। उस इंसान ने एरिक का अपमान किया, उनका परिवार वहां था, इस स्थिति से उनका छोटा भाई खुश नहीं था।

# जाली पासपोर्ट से पराग्वे में घुसे रोनाल्डीन्हो गिरफ्तार हुए, जांच शुरू



**पराग्वे।** ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर रोनाल्डीन्हो और उनके भाई रॉबर्ट्र एसिस को जाली पासपोर्ट के साथ पराग्वे में प्रवेश करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। रोनाल्डीन्हो और एसिस को असुसियोन में राजधानी से 15 किलोमीटर दूर स्थित रेजार्ट याच एंड गोल्फ क्लब से बुधवार को गिरफ्तार किया गया। स्थानीय प्रशासन ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

पराग्वे के आंतरिक मंत्री युस्लाइड्स असेवेडो ने कहा है कि वह रोनाल्डीन्हो का सम्मान करते हैं लेकिन कानून का सम्मान किया जाना चाहिए। गिरफ्तारी के बाद से दोनों को होटल में ही नजरबंद रखा गया है। ये यहां एक चिल्ड्रेन चैरिटी कैंपेन में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान रोनाल्डीन्हो को अपने करियर पर आधारित किताब का भी प्रचार करना था।

## एमएस धोनी टी20 वर्ल्ड कप खेलने के दावेदार, भारत को होगा फायदा: रंगना हेराथ



**मुंबई।** टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले लेफ्ट आर्म स्पिनर होने की उपलब्धि श्रीलंका के रंगना हेराथ के नाम है। 41 साल के हेराथ रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में फिर से मैदान पर दिखेंगे। वह इस टी20 सीरीज में श्रीलंकन लेजंड्स टीम का हिस्सा होंगे जिसमें चामिंडा वास, रोमेश कालूवितरना, मुथैया मुरलीधरन और तिलकरत्ने दिलशान भी शामिल हैं। टीम की जर्सी के लॉन्च के मौके पर गुरुवार को हेराथ ठ्ठ से बातचीत में धोनी के भविष्य के पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह भले ही पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन उनमें वह क्षमता है जिसके बूते वह आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भी भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप: भारत और ऑस्ट्रेलिया फाइनल में, 8 मार्च को होगी भिड़ंत




**सिडनी।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद ग्रुप मैच में अजेय रहने की वजह से गुरुवार को यहां पहली बार कउउ महिला टी20 विश्व कप फाइनल में जगह बनायी जहां उसका सामना मौजूदा चैंपियन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया से होगा। सुबह से लगातार बारिश के कारण टॉस नहीं हो पाया और आखिर में सेमीफाइनल मैच बिना गेंद फेंके रद्द करना पड़ा। इससे भारतीय टीम खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर गई जबकि इंग्लैंड के खेमे में निराशा छा गई। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल रविवार आठ मार्च को मेलबर्न में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति से पांच रन से हराया। बारिश के कारण यह मैच भी देरी से शुरू हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 134 रन बनाए। उसकी तरफ से कप्तान मेग लैनिंग ने नाबाद 49 रन बनाए जबकि दक्षिण अफ्रीका के लिए नाडिने डि क्लर्क ने 19 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलियाई पारी समाप्त होने के बाद बारिश आ गई। इसके बाद जब खेल शुरू हुआ तो दक्षिण अफ्रीका को 13 ओवर में 98 रन बनाने का लक्ष्य मिला लेकिन लौरा वोलवार्ट की नाबाद 41 रन की पारी के बावजूद उसकी टीम पांच विकेट पर 92 रन ही बना सकी।

# रुतुजा के दम पर भारत ने कोरिया को 2-1 से हराकर फेड कप के प्लेऑफ की उम्मीदें रखी जिंदा

**नई दिल्ली।** रुतुजा भोंसले के दम पर भारत ने कोरिया को 2-1 से हराकर फेड कप के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा रखी हैं। रुतुजा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की सु जिओंग जंग को 7-5,6-4 से पराजित कर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। अंकिता रैना को ना-ला हान से 4-6, 0-6 से हार मिली और स्कोर एक-एक से बराबर हो गया। हालांकि इसके बाद अंकिता ने सानिया मिर्जा के साथ मिलकर युगल मुकाबले में ना-रि किम और हान को 6-4,6-4 से हराकर भारत को 2-1 से जीत दिला दी।

सानिया का यह फेड कप का पहला मुकाबला था। इस जीत से भारतीय टीम छह टीमों एशिया/ओसियाना ग्रुप में चीन के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। शीर्ष दो टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करेंगी। भारतीय टीम का शुक्रवार को सामना चीनी ताइपे से होगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बैडमिंटन कोर्ट में पसीना बहा रहीं परिणीति चोपड़ा



**ऐक्ट्रेस** परिणीति चोपड़ा ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' की शूटिंग को कंप्लीट करने कर ली है। इसके तुरंत बाद ऐक्ट्रेस ने ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल के जीवन पर आधारित पर बायॉपिक के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। हाल ही में फिल्म से परिणीति चोपड़ा का फर्स्ट लुक सामने आया था। वह इस समय बैडमिंटन की नॉन स्टॉप ट्रेनिंग ले रही हैं। कुछ समय पहले परिणीति चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म की तैयारियां करते हुए एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में ऐक्ट्रेस को बैडमिंटन कोर्ट में पसीना बहाते देख सकते हैं। इसके अलावा पोस्ट के साथ फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने की जानकारी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 11 अक्टूबर से फ्लोर पर जाएगी। परिणीति चोपड़ा ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह अक्टूबर में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी लेकिन डेट की जानकारी नहीं दी थी। फिल्म का पहला शेड्यूल मुंबई में शूट किया जाएगा और यह शेड्यूल 3 से 4 सप्ताह तक चलने की उम्मीद है। बायॉपिक को लेकर परिणीति चोपड़ा ने बताया था कि मैंने इस रोल के लिए अपनी पूरी एनर्जी लगा दी है। इसमें मैं कुछ ऐसा कर रही हूं जो पिछली 10-12 फिल्मों में नहीं किया है। इस प्रोसेस में मुझे पता चला कि मैं किस तरह की इंसान हूं। फिल्म को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं।



# 'ड्रीम गर्ल' के डायरेक्टर की अगली फिल्म में होंगी दिशा पाटनी

**अगर** आपको आयुष्मान खुराना की पिछली रिलीज हुई फिल्म 'ड्रीम गर्ल' काफी पसंद आई थी तो अब ऐसी एक और मजेदार कॉमिडी फिल्म के लिए तैयार हो जाएगी। फिल्म के डायरेक्टर राज शांडिल्य एक और कहानी पर काम कर रहे हैं और इस फिल्म को एकता कपूर प्रड्यूस करेंगी। हाल में एकता ने हाल में कन्फर्म किया है कि इस फिल्म फीमेल लीड रोल में दिशा पाटनी होंगी। एकता पिछले काफी समय से काम कर रही हैं। एक अखबार से बात करते हुए एक सूत्र ने बताया कि इस फिल्म में दिशा चंडीगढ़ की एक पंजाबी लड़की का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म की कहानी को राज ने काफी पहले एकता को सुनाया था और उन्हें यह काफी पसंद आई थी। 'ड्रीम गर्ल' की सफलता को देखते हुए एकता ने तुरंत ही इस फिल्म के लिए अपनी रजामंदी दे दी है। हालांकि राज इस फिल्म का डायरेक्शन और कास्टिंग नहीं करेंगे क्योंकि वह अपनी अगली फिल्म में बिजी हैं। दिशा के बारे में बात करते हुए एकता ने कहा कि दिशा का यूथ जेनरेशन से गजब का कनेक्ट है और इसीलिए वही ऐसा किरदार निभा सकती हैं। अभी तक इस फिल्म का नाम फाइनल नहीं किया गया है और इसका डायरेक्शन आशिमा छिब्बर करेंगी। इस फिल्म के अलावा दिशा आदित्य रॉय कपूर, अनिल कपूर और कुणाल खेमू के साथ फिल्म 'मलंग' में भी नजर आएंगी।



# जिंदगी दूसरों के लिए नहीं अपने लिए जिएं: प्रियंका चोपड़ा

**फिल्म** 'द स्काई इज पिंक' के रिलीज से पहले प्रियंका चोपड़ा इसके प्रमोशन में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। भारत में प्रमोशनल इवेंट्स ओवर होने के बाद वह फिलहाल यूएस में इसे प्रमोट कर रही हैं। हाल ही में हमसे हुई खास बातचीत में प्रियंका ने अपनी सफलता पर बात करते हुए आज की जनरेशन को नसीहत देते हुए कहा कि जिंदगी को दूसरों के लिए नहीं जीना चाहिए। अपनी सफलता और इस मुकाम पर पहुंचने का क्रेडिट खुद को देती हुई प्रियंका कहती हैं, अपनी सफलता का सबसे ज्यादा क्रेडिट तो मैं अपने आप को देती हूं क्योंकि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए ठोकरें बहुत खाई हैं मैंने और ठोकरों से आगे बढ़ने की क्षमता भी खुद ही रखी मैंने, इसके बाद इस सक्सेस का बड़ा क्रेडिट अपने माता-पिता को दूंगी, जिन्होंने हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया, इस लायक बनाया कि ठोकर लगे तो फिर से खड़े हो सकूं। प्रियंका आगे कहती हैं, माता-पिता ने हमेशा यह साहस दिया कि तुम जब भी गिरने लगोगी, वह उंगली पकड़ने के लिए मौजूद हैं। माता-पिता ने मेरे वैल्यू, मेरे विचारों को कभी कम नहीं आंका, मेरे विचारों को हमेशा अहमियत दी, मेरे सपनों को जरूरी बताया, हर सपने के पूरे होने के दौरान मेरे साथ खड़े रहे।